# भारी उद्योग विभाग में प्रचलित हिंदी-अंग्रेज़ी शब्द और उनके वाक्य-प्रयोग

| क्र.सं. | हिन्दी शब्द | अंग्रेजी शब्द | हिन्दी वाक्य में प्रयोग | अंग्रेजी वाक्य में प्रयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अप्रचालनरत | Non-operational | कुछ सीपीएसईज वर्तमान में अप्रचालनरत हैं। | Some CPSEs are presently non-operational |
| 2. | लेनदारों की समिति | Committee of Creditors | कंपनी सी के लिए लेनदारों की समिति को नियुक्त किया गया है। | Committee of Creditors have been appointed for Company 'C'. |
| 3. | उत्कृष्टता केन्द्र | Centre of excellence | भारतीय कैपिटल गुड्स क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए अनेक उत्कृष्टता केन्द्र परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं। | To enhance the competitiveness in Indian capital goods sector a number of center of excellence projects have been approved. |
| | | | इस स्कीम के अंतर्गत निम्नलिखित आठ उत्कृष्टता केन्द्र अनुमोदित किए गए हैं। | Under the scheme, the following eight center of excellence (COE) have been approved. |
| 4. | अनुसंधान एवं विकास | Research & Development | ऑटो डिजाइन में नवीनीकरण हेतु अनुसंधान एवं विकास क्रियाकलापों को बढ़ावा दिया जा रहा है। | Innovation in auto design, R&D activities are being supported. |
| 5. | फेम इंडिया | FAME INDIA | इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पीक्यूआर विभाग ने मार्च, 2015 में एक स्कीम नामतः फेम इंडिया [भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण] स्कीम तैयार की। | Department of XYZ formulated a Scheme namely FAME INDIA (Faster adoption & manufacturing of electrical vehicles in India) in march, 2015 to promote the use of electric vehicle. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | प्रशासनिक नियंत्रण तक सीमित है। | |
| | | | 'जेड' का प्रशासनिक नियंत्रण पीक्यूआर विभाग के पास है। | The administrative control of 'Z' is with the department of PQR . |
| 8. | केन्द्र प्रायोजित | Centrally sponsored | 'के' राज्य में कोई केन्द्र प्रायोजित परियोजना स्थापित नहीं की जा रही है। | No Centrally sponsored project is being set up in the state of 'K'. |
| | केन्द्र प्रायोजित स्कीम | Centrally sponsored scheme | विभाग किसी भी केन्द्र प्रायोजित स्कीम को लागू नहीं कर रहा है। | The department is not implementing any centrally sponsored scheme. |
| 9. | बकाया वेतन | Outstanding salary | कुछ मामलों में सरकार पुनरुद्धार योजना के अंग के रूप में बकाया वेतन के भुगतान पर विचार करेगी। | In some cases, government may consider for payment of outstanding salaries as a part of revival plan. |
| 10. | पुनरुद्धार योजना | Revival plan | लोक उद्यम विभाग दिशानिर्देशों में वे सिद्धांत उपलब्ध हैं जिनके आधार पर प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग को अपने सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों की पुनरुद्धार योजना बनानी होती है। | Guidelines of DPE provide principle on which administrative ministry/department has to draw revival plan of their PSUs. |
| 11. | अग्रिम रियायत | Upfront concession | खरीद के समय डीलर द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीदारों को अग्रिम छूट उपलब्ध कराई जाएगी। | Upfront concession will be provided to the buyer of EVs by the dealer at the time of purchase. |
| 12. | पर्यवेक्षण | Supervision | सरकारी परिसमापक के पर्यवेक्षण में एक समिति कंपनी के विनिवेश के संबंध में निर्णय लेगी। | Under the supervision of official liquidator a committee will take the decision of disinvestment of the company. |
| 13. | कर्मचारी | Employee | 'एक्स' कंपनी के अधिकांश कर्मचारियों ने वीआरएस का विकल्प चुना है। | Maximum employees of Company 'X' have opted for VRS. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14. | निदेशक मंडल | Board of Directors | कंपनी के विनिवेश के बाद निदेशक मंडल को समाप्त कर दिया गया है। | After disinvestment of the company Board of Directors has been suspended. |
| 15. | संसाधन | Resources | सरकार की नीति के अनुसार, वेतन/मजदूरी देयताओं के दायित्वों को पूरा करने के लिए संसाधन मुख्यतः आंतरिक रूप से सृजित किए गए हैं। | As per the government policy, the resource for meeting the obligation for salaries/wages dues has been primarily generated internally. |
| 16. | पुनर्गठन | Restructuring | संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा पुनर्गठन प्रक्रिया आरंभ की गई है। | Restructuring procedure has been initiated by the concerned administrative ministry. |
| 17. | वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य | Commercially viable | मुख्यतः वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश का बड़ा भाग निजी क्षेत्र से आने की संभावना है। | A major portion of investment is expected to come from the private sector, mainly in commercially viable project. |
| 18. | कारोबार | Turn over | पिछले दस वर्षों से एक्सवाईजेड कंपनी के कारोबार में सुधार हुआ है। | The turnover of the XYZ Company has been upward for last ten years. |
| 19. | सार्वजनिक | Public domain | योजना के चरण-II से संबंधित सूचना को वेबसाइट पर रखा गया है। | Information related to Phase-II of Plan has been planned in public domain. |
| 20. | रुग्ण | Sick | पिछले कुछ वर्षों से घाटे में चल रही कंपनी को रुग्ण घोषित कर दिया गया है। | The Company which is running in loss since last few years has been declared sick. |
| 21. | सरल एवं कारगर | Streamline | पीक्यूआर विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रमों हेतु सामान्य नीति निर्माता के रूप में रुग्ण सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के पुनरुद्धार एवं पुनर्गठन हेतु तंत्र को सरल एवं कारगर बनाने के लिए सामान्य दिशानिर्देश जारी किए हैं। | Department of PQR, as a general policy making department for all PSUs, has issued general guidelines for streamlining the mechanism for revival and restructuring of sick PSUs. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22. | राज सहायता | Subsidy | सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों पर राजसहायता देने की योजना बना रही है। | Government is planning to give subsidy on electric vehicles. |
| 23. | अधित्याग/छोड़ना | Waiver of interest | 'वाई' के वित्तीय पैकेज में भारत सरकार के ऋण पर ब्याज का अधित्याग शामिल है। | Waiver of interest on Government of India loan is included in the financial package for 'Y'. |
| 24. | सेवा-निवृत्ति | Superannuation | जहाँ तक अधिवर्षिता पर सेवा-निवृत्त हुए कर्मचारियों की बकाया देनदारियों का संबंध है, आज की तारीख में किसी भी कर्मचारी का बकाया शेष नहीं है। | As regards the outstanding dues of employees retired on superannuation, as on date no outstanding dues is to be paid to employee. |
| 25. | औद्योगिक उत्पाद | Industrial Product | अपेक्षाकृत कम दाम पर टिकाऊ उत्पादों को खरीदने के प्रति औद्योगिक उत्पादों के उपयोगकर्ताओं के रुझान के दृष्टिगत देश के सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों को अब अपना प्रचालन नए तरीके से करना होगा। | Keeping in view the propensity of uses of industrial products to purchase durable products at relatively cheaper price, country's PSUs have now to refashion their operation. |
| 26. | लाभ कमाने वाली कंपनी | Profit making company | 'ए' कंपनी सर्वाधिक लाभ कमाने वाला सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम है। | 'A' Company is the most profit making PSUs. |
| 27. | अंशधारिता | Shareholding | 'ए' कंपनी में किसी राज्य की कोई अंशधारिता नहीं है। | There is no shareholder of any state in 'A' Company. |
| 28. | खरीद/प्रापण | Procurement | प्रौद्योगिकी का वास्तविक प्रापण अगला महत्वपूर्ण मुद्दा है। | Actual procurement of technology is next important issue. |
| 29. | आधुनिकीकरण | Modernization | जहां तक 'बी' कंपनी लिमिटेड की आधुनिकीकरण योजना के समयबद्ध कार्यान्वयन का संबंध है, यह बताया | As regards, timely implementation of modernization plan of 'B' Company Ltd. It is stated that company has already got prepared a comprehensive and |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | जाता है कि कंपनी ने पहले ही एक व्यापक पुनर्गठन एवं समेकन योजना तैयार कर ली है। | consolidation plan. |
| 30. | प्रौद्योगिकीय उन्नयन | Technological up-gradation | 'ए' कंपनी लि. के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना के पूर्ण होने और प्रभावी कार्यान्वयन हेतु कोई विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है। | No specific time frame has been prescribed for completion and effective implementation of technology up-gradation plan for 'A' Company Ltd. |
| 31. | तकनीकी क़रार | Technical agreement | अनुकूल प्रौद्योगिकी विकास संबंधी सतत प्रयासों के एक भाग के रूप में कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठान से तकनीकी करार किया है। | As a parts of its consistent technological development efforts, the company has entered into a technical agreement with international reputed firm. |
| 32. | तकनीकी सहयोग | Technical collaboration | केन्द्रीय विनिर्माणकारी प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएमटीआई) के साथ तकनीकी सहयोग से ''सीएनसी मल्टी स्पिन्डल ऑटोमेट्स'' का विकास किया जा रहा है। | Development of "CNC multi Spindle automats" is underway in technical collaboration with central manufacturing technology institute (CMTI). |
| 33. | सांविधिक देयताएं | Statutory dues | 'ए' कंपनी लि. के शेष कर्मचारियों की सांविधिक देयताओं का भुगतान शीघ्र किया जाएगा। | Statutory dues of remaining employees of 'A' Company Ltd would be cleared soon. |
| | | | कंपनी वेतन/मजदूरी/सांविधिक देयताओं के लिए सरकारी सहायता पर निर्भर थी। | The company was dependent on salary/wages/statutory dues support from the government. |
| 34. | एकीकृत सुविधाएं | Integrated facilities | आधुनिक विनिर्माणकारी सुविधाओं के साथ विद्यमान अप्रचलित एकीकृत सुविधाओं के प्रतिस्थापन हेतु पाँच वर्षों के | Unit-wise capex plans for five years have been prepared for replacement of existing obsolete integrated facilities with modern manufacturing facilities. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | लिए यूनिट-वार कैपेक्स योजनाएं तैयार कर ली गई हैं। | |
| 35. | हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन | XEV | सरकार देश में हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। | Government is promoting the use of electric vehicles in the country. |
| 36. | चार्जिंग स्टेशन | Charging station | इलैक्ट्रिक वाहनों के उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। | Charging station will be set up for the convenience of the electric vehicle users. |
| 37. | हाइब्रिड/इलेक्ट्रिक वाहन | Hybrid/electric vehicles | इस स्कीम में हाइब्रिड/इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार विकास को सहायता देना अभिप्रेत है। | The Scheme is intended to support the hybrid/electric vehicle market development. |
| 38. | चार्जिंग अवसंरचना | Charging infrastructure | यह स्कीम प्रौद्योगिकी विकास (अनुसंधान एवं विकास), प्रायोगिक परियोजना, चार्जिंग अवसंरचना और मांग सृजन के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। | The scheme is being implemented through technology Development (R&D), Pilot, Charging infrastructure and Demand creation. |
| | | | चुनिंदा शहरों में चार्जिंग अवसंरचना का निर्माण किया जाएगा। | Creation of charging infrastructure will be supported in selected cities. |
| 39. | हल्के वाणिज्यिक वाहन | Light commercial vehicle | इसका लक्ष्य हर प्रकार के वाहनों अर्थात् दुपहिया, तिपहिया, ऑटो, यात्री चौपहिया वाहन, हल्के वाणिज्यिक वाहनों और बसों को प्रोत्साहित करना है। | It is aimed at incentivizing all vehicle segments i.e. 2- wheelers, 3- wheelers- auto, Passenger 4-wheeler vehicle, light commercial vehicle and Buses. |
| 40. | मांग प्रोत्साहन | Demand incentive | हाइब्रिड/इलेक्ट्रिक वाहन क्रय स्कीम के अंतर्गत अनुमत मांग प्रोत्साहन का ब्यौरा | The detailed demand incentives allowed under the scheme for purchase of electric/hybrid vehicle |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | संलग्नक-13 पर दिया गया है। | is given at annexure-13. |
| 41. | वस्त्र मशीनरी | Textile machinery | वस्त्र मशीनरी के विकास हेतु 'सी' को अनुमोदित किया गया है। | 'C' has been approved for the development of Textile machinery. |
| 42. | विनिर्माणकारी पारितंत्र | Manufacturing eco-system | इसका उद्देश्य हाइब्रिड/इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार विकास और इसके विनिर्माणकारी पारितंत्र को सहायता प्रदान करना है। | It is intended to support the hybrid/electric vehicle market development and its manufacturing eco-systems. |
| 43. | क्रय मूल्य में शुरुआती कटौती | Upfront reduced purchase price | क्रेताओं के लिए यह मांग प्रोत्साहन क्रय मूल्य में शुरुआती कटौती के रूप में उपलब्ध है। | This demand incentive is available to buyers in the form of an upfront reduced purchase price. |
| 44. | पट्टा विलेख | Lease agreement | पट्टा विलेख की शर्तों के अनुसार भू-खंड 'वाई' राज्य सरकार को पहले ही अंतरित किया जा चुका है। | The land has been lease transferred on lease to the state government of 'Y' as per the lease agreement conditions. |
| 45. | राष्ट्रीय कैपिटल गुड्स नीति | National capital goods policy | राष्ट्रीय कैपिटल गुड्स नीति की विस्तृत रिपोर्ट पीक्यूआर विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। | The detailed report of the national goods policy is available on the website of Department of PQR. |
| 46. | पुनरुद्धार | Revival | जेड के पुनरुद्धार के लिए पीक्यूआर विभाग द्वारा उठाए गए कदम। | Steps taken by Department of PQR for revival of Z. |
| 47. | बकाया देयता | Outstanding liabilities | सरकार बकाया देयताओं के परिसमापन की पेशकश कर रही है। | The government is offering liquidation of Outstanding liabilities. |
| 48. | कार्यनीतिक विनिवेश | Strategic disinvestment | सरकार ने इस कंपनी की इकाइयों के रणनीतिक विनिवेश को अनुमोदन दिया है। | The government has approved the strategic disinvestment of the unit of this company. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 49. | वैश्विक वाहन सुरक्षा | Global vehicle safety | यह सरकार को वैश्विक वाहन सुरक्षा, उत्सर्जन और कार्य-निष्पादन संबंधी मानकों को हासिल करने में समर्थ बनाएगी। | It will enable the government in ushering in global vehicular safety, emission and performance standards. |
| 50. | लुगदी और कागज | Pulp and paper | लुगदी और कागज एवं न्यूजप्रिंट मिलों की स्थापना करने के उद्देश्य से 'वाई' को शामिल किया गया था। | 'Y' was incorporated with an objective to establish pulp and paper and News print Mills. |
| 51. | मशीन टूल उद्योग | Machine tool industry | मशीन टूल उद्योग एक कार्यनीतिक उद्योग है जिसमें लगभग 200 मशीन टूल विनिर्माता हैं। | Machine tool industry is a strategic industry with around 200 machine tool manufacturers. |
| 52. | प्रोसेस प्लांट उपस्कर | Process plant equipment | देश में प्रोसेस प्लांट उपस्कर का विनिर्माण 200 से अधिक इकाइयां कर रही हैं। | There are over 200 units engaged in the manufacture of process plant machinery in the country. |
| 53. | खनन उपकरण | Mining equipment | भारत में वर्तमान में अर्थ मूविंग एवं खनन मशीनरी के 20 बड़े एवं वैश्विक विनिर्माता और करीब 200 छोटे और मझौले विनिर्माता हैं। | Currently 20 large and global manufacturers and nearly 200 small and medium manufacturers of earth moving and mining machinery are present in India. |
| 54. | उदारीकरण | Liberalization | वर्ष 1991 से ऑटोमोबाइल सेक्टर के क्रमिक उदारीकरण से भारत में विनिर्माण संबंधी सुविधाओं की संख्या उत्तरोत्तर रूप से बढ़ी है। | With the gradual liberalization of the automobile sector since 1991, the number of manufacturing facilities in India has grown progressively. |
| 55. | अंशधारक | Stakeholder | सभी अंशधारकों से परामर्श करने के उपरान्त, भारी उद्योग विभाग ने फेम | After having consultation with all stakeholders, Department of heavy industry finalized and accordingly notified the phase-ll |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | इंडिया स्कीम के चरण-II को अंतिम रूप दिया और तदनुसार अधिसूचित किया। | of FAME India scheme. |
| 56. | जीवाश्म ईंधन | Fossil fuel | जीवाश्म ईंधन की कमी का इलेक्ट्रिक वाहनों पर पड़ने वाले प्रभाव के मद्देनजर, स्कीम का यह चरण मुख्यत: सार्वजनिक एवं साझा परिवहन पर केन्द्रित है। | Keeping impact of electric vehicles on reduction of fossil fuel, this phase of scheme is mainly focused for public and shared transportation. |
| 57. | केन्द्रीकृत आँकड़े | Centralized Data | पीक्यूआर विभाग 'जेड' की संख्या से संबंधित कोई केन्द्रीकृत आँकड़े नहीं रखता है। | The department of PQR does not maintain any centralized data pertaining to number of 'Z'. |
| 58. | सुरक्षा मानक | Safety standard | सरकार ने कई सुरक्षा मानक तैयार किए हैं। | The government has formulated various safety standards. |
| 59. | बजटीय आवंटन | Budgetary allocation | बजटीय आवंटन के विवरण को यहाँ संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। | The details of the budgetary allocation are summarized hereunder. |
| 60. | विद्युतीकरण | Electrification | यह चरण मुख्यतः सार्वजनिक और साझा परिवहन के विद्युतीकरण को बढावा देने पर केन्द्रित होगा। | This phase will mainly focus on supporting electrification of public & shared transportation. |
| 61. | वर्गीकरण | Classification | वाहनों पर जीएसटी तय करने के लिए वाहनों की लंबाई आधारित वर्गीकरण लागू है। | Length based classification of vehicle is applicable to decide GST on vehicles. |
| 62. | उत्सर्जन | Emission | कम्पनियों द्वारा कार्बन डाइ-ऑक्साइड के उत्सर्जन को नियंत्रित किया जा रहा है। | $Co_2$ emission is being regulated through companies. |
| 63. | स्वदेशी विनिर्माण | Indigenous manufacturing | विद्युत वाहनों के स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने एक | Department has notified a phased manufacturing programe to promote indigenous |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम को अधिसूचित किया है। | manufacturing of electric vehicle. |
| 64. | विद्युत गतिशीलता | Electric mobility | देश में विद्युत वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न पहलें की गई हैं। | Various initiatives have been taken by the government to promote electric mobility in the country. |
| 65. | बैटरी-चालित वाहन | Battery operated vehicles | मंत्रालय ने बैटरी-चालित वाहनों को परमिट से छूट संबंधी अधिसूचना जारी की है। | Ministry issued notification regarding exemption of permit in case of battery operated vehicles. |
| 66. | निवेश | Investment | इससे चार्जिंग अवसंरचना में निवेश को आकर्षित करने के लिए बहुत अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। | This would provide a huge incentive to attract investments in charging infrastructure. |
| 67. | घरेलू विनिर्माण | Domestic manufacturing | विद्युत वाहनों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक चरणबद्ध विनिर्माण खाका तैयार किया गया है। | To promote domestic manufacturing of electric vehicles, a phased manufacturing roadmap has been prepared. |
| 68. | सक्षम प्राधिकारी | Competent authority | इसे सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है। | This has approval of the competent authority. |
| 69. | परीक्षण एजेंसियां | Testing agencies | फेम इंडिया स्कीम के चरण-II के लिए सभी परीक्षण एजेंसियों को अधिसूचित किया जाता है। | All testing agencies are notified for phase-II of FAME India scheme. |
| 70. | सूचना | Information | सूचना एकत्रित की जा रही है। | Information is being collected. |
| 71. | बजट प्रावधान | Budget provision | चार्जिंग अवसंरचना स्थापित करने के लिए 3 वर्षों की अवधि हेतु ₹1000 करोड़ का बजट प्रावधान निश्चित किया गया है। | A budget provision of Rs.1000 crore for a period of 3 years has been earmarked for setting up of charging infrastructure. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 72. | सतत वृद्धि | Sustainable growth | सतत् वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने फेम इंडिया स्कीम को अधिसूचित किया जाता है। | To ensure the sustainable growth, the government notified Fame India scheme. |
| 73. | प्रायोगिक परियोजना | Pilot project | स्कीम की प्रायोगिक परियोजना के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं को अनुमोदित/संस्वीकृत किया गया। | Several projects were approved/sanctioned under pilot project of the scheme. |
| 74. | पहल | Initiative | देश में विद्युत वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न अन्य पहलें की गई हैं। | Various other initiatives have been taken by the government to promote electric mobility in the country. |
| 75. | आधुनिकीकरण एवं पुनरुद्धार योजना | Modernization and Revival plan | 'जेड' ने आधुनिकीकरण एवं पुनरुद्धार योजना तैयार की थी। | 'Z' had prepared a modernization and Revival plan. |
| 76. | महत्वाकांक्षी लक्ष्य | Ambitious target | वर्ष 2020 तक 6-7 मिलियन हाइब्रिड और विद्युत वाहनों की बिक्री हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। | There is an ambitious target to achieve 6-7 million sales of hybrid and electric vehicles by the year 2020. |
| 77. | परिणाम एवं अनुभव | Outcome and experience | फेम इंडिया स्कीम के चरण-1 के दौरान प्राप्त परिणाम और अनुभव के आधार पर विभाग ने मंत्रिमंडल की मंजूरी के साथ स्कीम को अंतिम रूप दिया और तद्नुसार फेम इंडिया स्कीम के चरण-II को अधिसूचित किया। | Based on outcome and experience gained during the phase-I of FAME India scheme the department finalized with the approval of cabinet accordingly notified the phase-II of FAME India scheme. |
| 78. | वैश्विक विनिर्माण नेतृत्व | Global Manufacturing Leadership | यह योजना वैश्विक विनिर्माण नेतृत्व हासिल करने के लिए भारतीय | This plan has been designed to enable the Indian automotive industry to achieve global manufacturing leadership. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | ऑटोमोटिव उद्योग को सक्षम बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। | |
| 79. | प्रारंभ | Launch | फेम इंडिया स्कीम के चरण-I को प्रारम्भ में 2 वर्ष की अवधि के लिए प्रारंभ किया गया था। | The phase-I of the FAME India scheme was initially launched for a period of 2 years. |
| 80. | पर्यावरण के अनुकूल | Eco-friendly | यह योजना सस्ते और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन उपलब्ध कराने के लिए तैयार की गई है। | To provide affordable and Eco-friendly transportation, this plan has been designed. |
| 81. | बोली प्रक्रिया | Bidding mechanism | सभी चुनिंदा शहरों के लिए समान बोली तंत्र के माध्यम से पात्र प्रोत्साहन की गणना की जाएगी। | The eligible incentives would be calculated through a uniform bidding mechanism for all the selected cities. |
| 82. | समझौता ज्ञापन | Memorandum of understanding (MOU) | 'जेड' कंपनी ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। | A memorandum of understanding has been signed by the 'Z' company. |
| 83. | प्रोत्साहित करना/बढ़ावा देना | Incentivizing | इस चरण में मांग प्रोत्साहन के माध्यम से बाजार निर्माण का उद्देश्य सभी प्रकार के वाहनों को बढ़ावा देना था। | In this phase, market creation through demand incentives was aimed at incentivizing all vehicle segments. |
| 84. | संशोधित | Amended | यथासंशोधित प्रारुप प्रस्तुत है। | Draft as amended is put up. |
| 85. | विसंगति | Discrepancy | विसंगति का समाधान कर लिया जाए। | Discrepancy may be reconciled. |
| 86. | विचाराधीन | Under Consideration | मामला विचाराधीन है। | Matter is under consideration. |
| 87. | अपीलीय न्यायाधिकरण | Appellate Tribunal | अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा अपील को खारिज किया गया। | The appeal was dismissed by appellate tribunal. |
| 88. | सुस्त | Sluggish economy | सरकार, नीति निर्माता के रूप में हमेशा | The government, as a policy maker always attempts to kick |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अर्थव्यवस्था | | सुस्त अर्थव्यवस्था को तेजी से सुधारने का प्रयास करती है। | start the sluggish economy. |
| 89. | ऊर्जा संरक्षण | Energy conservation | ऊर्जा संरक्षण से उत्पादन लागत में कमी आ सकती है। | Energy conservation can lead to reduction in costs of production. |
| 90. | सहायता अनुदान | Grant-in-aid | मंत्रालय सहायता अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करता है। | The ministry is providing financial assistance by way of grant in aid |
| 91. | आधिकारिक प्रमाणन | Homologation | भारत में अत्याधुनिक ऑटोमोटिव परीक्षण, आधिकारिक प्रमाणन और अनुसंधान एवं विकास अवसंरचना सुविधाओं को स्थापित करने के लिए 'वाई' पूरी तरह से भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित परियोजना है। | 'Y' is fully government of India funded project for setting up of state of the art automotive testing, homologation and R&D infrastructure facilities in India. |
| 92. | लेखापरीक्षा टिप्पणियां | Audit observations | पीक्यूआर विभाग के कामकाज के संबंध में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियों का सार संलग्नक में दिया गया है। | A summary of important audit observation of CAG of India on the working of the Department of PQR is given in the annexure. |
| 93. | इक्विटी लाभांश | Equity dividend | 'एक्स' ने, वित्त वर्ष 2016-17 के लिए कुल 79% इक्विटी लाभांश अदा किया, जो पिछले 3 वर्षों में सबसे अधिक है। | 'X' has paid total equity dividend of 79% for fiscal year 2016-17, which is the highest in last 3 years. |
| 94. | संयुक्त उद्यम | Joint Venture | 'एक्स', 'वाई' की एक सहायक कंपनी है जिसकी स्थापना 2011 में 'वाई और 'जेड' राज्य सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम | 'X' is a subsidiary of 'Y', formed in 2011 as a joint venture between 'Y' and government of 'Z'. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | के रूप में हुई थी। | |
| 95. | सौर ऊर्जा संयंत्र | Solar Power Plant | सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए स्ट्रिंग मॉनिटरिंग यूनिट बनाने की योजना बनाई गई है और उसे कार्यान्वित किया जा रहा है। | String monitoring unit for solar power plant has been planned and is being executed. |
| 96. | परिहार्य व्यय | Avoidable expenditure | पुनर्निविदा में, 'वाई' ने ₹5.57 करोड़ का परिहार्य व्यय किया। | In the re-tender, 'Y' incurred an avoidable expenditure of ₹5.57 crore. |
| 97. | वाहन विनियमों के सामंजस्य के लिए विश्व मंच | World forum for harmonization of vehicle regulation | डब्लयू-पी-29 के 172वें सत्र में भाग लेने के लिए 'एस' मंत्रालय के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में पीक्यूआर विभाग को भी शामिल किया गया था। | Department of PQR was included in the Indian delegation led by the ministry of 'S' to attend 172$^{th}$ session of WP-29. |
| 98. | मूल उपकरण विनिर्माता | Original equipment manufacturer | इस स्कीम के तहत इस समय 16 मूल उपकरण विनिर्माणकर्ता (ओईएम) और 70 कार मॉडल पंजीकृत हैं। | At present sixteen original equipment manufacturer (OEM) and seventy car models are registered under this scheme. |
| 99. | कार्यनीतिक दस्तावेज़ | Strategy Paper | प्रौद्योगिकी विकास के माध्यम से मशीन टूल उद्योग के सशक्तिकरण संबंधी कार्यनीतिक दस्तावेज़। | Strategy Paper on Galvanizing Machine Tools Industry in India through Technology Development |
| 100. | पूंजीगत परियोजना | Capital project | पूंजीगत परियोजना और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों की समीक्षा। | Review of capital project and expenditure in Central Public Sector Enterprizes. |